समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘आज-कल या दो दिन मे होंगा बड़ा धमाका’, मुंबई को फिर दहलाने की धमकी !

Publisher

Published on 13 May 2025



## मुंबई पुलिस को जो धमकी भरा ईमेल आया है, उसमे कंहा गया है कि ब्लास्ट कब और कहां होगा, यह पता लगाने का कोई तरीका नहीं है. इसलिए धमकी को नजरअंदाज न करे.

मुंबई को दहलाने की धमकी भरा ईमेल एक बार फिर मुंबई पुलिस को मिला है. मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना मिली है कि एक अज्ञात शख्स ने ईमेल कर यह दावा किया है कि एक-दो दिन में शहर में बड़ा बम ब्लास्ट होने वाला है.

ईमेल में यह भी लिखा गया है कि यह विस्फोट कब और कहां होगा, इसके बारे में पता लगाने का कोई समय नहीं है. इसलिए अगर राज्य या देश में कहीं भी ऐसा संभव हो तो इसे नजरअंदाज न करें. पुलिस को इस मेल के बारे में सारी जानकारी दे दी गई है. अब मेल भेजने वाले शख्स की तलाश जारी है.

धमकी भेजने वाले की तलाश कर रही पुलिस
मुंबई की साइबर टीम आईपी एड्रेस के जरिए धमकी भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है. जब तक उसका पता नहीं लग जाता, मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर है. अब तक धमकी के जितने भी मामले आए हैं, वे सभी फर्जी निकले हैं. हालांकि, पुलिस ऐसी किसी भी धमकी को हल्के में लेने की गलती नहीं करती. जब तक आरोपी सेंडर का पता नहीं लग जाता, पुलिस अलर्ट रहती है.

पहले भी मुंबई पुलिस को मिली है ऐसी धमकी
इससे पहले मई की शुरुआत में ही मुंबई पुलिस को एक कॉल आया था, जिसमें ऐसे ही धमाके की धमकी दी गई थी. आरोपी कॉलर का कहना था कि अंधेरी ईस्ट के एक फ्लैट में एक बैग में बम रखा है. इस कॉल के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था. मामले

को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच की तो पता चला कॉल झूठा था. आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ था. इसलिए पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की.

वहीं, अप्रैल में मुंबई पुलिस को जब ऐसा कॉल आया तो आरोपी ने खुद को अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ा बताया था. उसने कहा था कि पूरी मुंबई को बम से उड़ा दिया जाएगा. पुलिस ने जांच में यह धमकी भी फर्जी पाई थी और आरोपी को पकड़ लिया गया था.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.